बैठक समीक्षा बैठक में तय हुआ रोडमैप

13 करोड़ की सड़क के लिए होगी निविदा जारी : महापौर

नवभारत, जबलपुर। आगामी तत्यौहारों को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' अभी से सजग हैं। उन्होंने सोमवार को नगर निगम लोककर्म विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर की सभी प्रमुख सड़कों की गुणवत्तायुक्त मरम्मत, नई सड़कों के निर्माण और अन्य विकास कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कराने को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।

बैठक में उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए अभी से आप सभी तकनीकि अधिकारी मौके पर जाकर निर्माण कार्यों को समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएँ। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि 2 दिन के अंदर सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ नए सड़कों के निर्माण कार्य के लिए 13 करोड़ 50 लाख के दो टेंण्डर लगाए ताकि बार बार खराब होने वाली डामलीकृत सड़क की जगह आर सी सी सड़क का निर्माण कराया जा जाये।

बैठक में अमृत योजना के तहत गौरीघाट रोड पर पाइप लाइन डालने के बाद री-स्टोरेशन के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया। महापौर ने निर्देश दिए कि पाइप लाइन कार्य पूर्ण होते ही सड़क को तत्काल मूल स्वरूप में लाया जाए ताकि आमजन और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बारिश के बाद सड़के होंगी गड्ढामुक्त

समीक्षा बैठक में महापौर ने ये भी कहा कि बारिश का सिलसिला थमते ही सभी प्रमुख क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र गड्ढामुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण व मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यों को गुणवत्तायुक्त और समय पर पूरा कराने के लिए 2 हैंड रोलर और 2 मिनी रोलर की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने सभी तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं और अपनी निगरानी में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य कराएं।

ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, अपर आयुक्त व्ही. एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री जागेन्द्र सिंह, सौलेन्द्र कौरव, चेतना चैधरी सहित सभी सहायक यंत्री एवं संभागीय यंत्री उपस्थित रहे।

फर्नीचर कारोबारी पर चाकू से हमला

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत इमली तिराहा कंचनपुर में शराब पीने के लिए रूपए की मांग पूरी न होने पर बदमाश ने फर्नीचर कारोबारी पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक श्रीकांत विश्वकर्मा 23 वर्ष निवासी कंचनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फर्नीचर का कारोबार करता है। दोपहर लगभग 2-30 बजे अपने घर से धोबी को कपड़े देने जा रहा था इमली तिराहा कंचनपुर रास्ते में अभिषेक चौहान मिला जो उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर अभिषेक चौहान विवाद करने लगा, हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये चाकू से हमलाकर उसके पेट, सीना हाथ में चोटें पहुँचा दी।

पति ने पत्नी को पीटा

जबलपुर। विजयनगर थाने में मेघना खंडेलवाल निवासी शैल्वी अस्पताल के पास विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश के चलते सोमवार सुबह लगभग 8 बजे उसके पति सचिन खंडेलवाल उसके साथ विवाद कर बोले कि तुम मॉ वीणा रावत के साथ झगड़ा करती हो कहकर हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी।

फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया के खिलाफ दर्ज प्रकरण में जोड़ी गयी भ्रष्टाचार की धारा

एकलपीठ ने दिये सक्षम न्यायालय के समक्ष याचिका प्रस्तुत करने के निर्दश

जबलपुर। फरार इनामी महिला सीएसपी ने दर्ज एफआईआर को निरस्त करने तथा अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ को सुनवाई के दौरान बताया गया कि प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं जोड़ी गयी है। एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई से इंकार करते हुए सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये है। याचिका को सुनने के लिए शुक्रवार को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

गौरतलब है कि कटनी सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित तीन आरोपियों के खिलाफ कुठला थाने में धोखाधडी सहित अन्य धाराओं में तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। कटनी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर दस-दस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। उन पर आरोप था कि

कुठला थानान्तर्गत हत्या के अपराध में निर्धारित समय अवधि में चालान पेश नहीं करने के कारण आरोपी को डिफॉल्ट जमानत का लाभ मिल गया था। इसके एवज में उन्होंने आरोपियों की जमीन बहुत कम दर में अपने एजेंट के नाम पर खरीदी है। उक्त जमीन मारूफ अहमद हनफी के नाम पर खरीदी गई थी। जबकि उनके बैंक खाते में जमीन खरीदने से पहले महज कुछ हजार रुपये थे। उसके बैंक खाते में क्षितिज राज पात्रे ने राशि ट्रांसफर की थी। जिसके बाद एक करोड़ रुपये की जमीन का महज 15 से 20 लाख रुपये में खरीदी गयी थी। विभागीय स्तर पर जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

हाईकोर्ट की शरण ली

निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया तथा क्षितिज राज बारापात्रे ने अग्रिम जमानत के लिए जिला न्यायालय में आवेदन दायर किया था। जिला न्यायालय द्वारा आवेदन खारिज किये जाने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। याचिका की सुनवाई के दौरान उनकी तरफ से दर्ज एफआईआर पर रोक लगाये जाने की मांग करते हुए आवेदन दायर किया गया था। याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया था कि उसने दो नाबालिग बच्चे है,जिसकी जिम्मेवारी उस पर है। एकलपीठ ने आवेदन पर सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा था कि किसी प्रकार की राहत प्रदान करने से पूर्व सरकार का पक्ष जानना आवष्यक है। याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से प्रकरण में पीसी एक्ट की धारा जोडे जाने की जानकारी एकलपीठ को दी। जिसके बाद एकलपीठ ने खुद को सुनवाई से अलग करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

स्मार्ट सिटी कालोनी में 153 की जगह 173 प्लाट बेचने का आरोप

जबलपुर। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने जेएमके स्मार्ट सिटी कालोनी, टीकमगढ़ के कथित अवैध निर्माण और अनियमित प्लाटिंग के मामले में राज्य सरकार, टीकमगढ़ कलेक्टर और जेएमके बिल्डर को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट के समक्ष सोमवार को जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जनहित याचिकाकर्ता हरेंद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता सौरभ सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से 153 प्लाट स्वीकृत होने के बावजूद बिल्डर महाकाल ग्रुप डेवलपर्स द्वारा 173 प्लाट बेचे जा रहे थे। इस तरह स्वीकृत संख्या से 20 अधिक प्लाट की कथित प्लाटिंग को चुनौती दी गई है।

इसके अलावा गार्डन के लिए आरक्षित भूमि पर भी प्लाटिंग किए जाने का आरोप लगाया गया है। याचिका में कालोनी के लेआउट और निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। हाई कोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

ई रिक्शा चालक की बेरहमी से पिटाई

जबलपुर। गढ़ा थाने में अजहर राईन निवाासी छोटी बजरिया दुर्गा मंदिर के पास गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा किराये से चलाता है। ई रिक्शा लेकर शारदा मंदिर तरफ जा रहा था लकड़ी के टाल के पास अपना ई रिक्शा खड़ा किया तभी शारदा चौक तरफ से बजरंगी लोधी, डिब्लू लोधी, अजय लोधी तीनों लड़के शारदा मंदिर तरफजा रहे थे जो तीनों उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर तीनों ने हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। लकड़ी के बत्ता से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी एवं तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

अड़ीबाजी कर युवकों पर किया था हमला, पिस्टल और कारतूस जब्त

पैदल जुलूस निकालकर तोड़ी बदमाशों की हेकड़ी

जबलपुर। रांझी पुलिस ने ऑटो रोककर 10 हजार की रंगदारी मांग आटो चालक को लहूलुहान करने वाले दो शातिर बदमाशों को दबोचा है। मुख्य आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

इलाके में बदमाशों के खौफ को खत्म करने और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए पुलिस ने दोनों आरोपियों का उसी मार्ग पर पैदल जुलूस निकाला, जहाँ उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान पुलिस कस्टडी में दोनों बदमाशों की सारी

हेकड़ी धरी की धरी रह गई। जुलूस के दौरान दोनों शातिर अपराधी बीच सड़क पर हाथ जोड़कर और कान पकड़कर कहते नजर आए कि अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है और दोबारा कभी अपराध नहीं करेंगे।

थाना प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी ने बताया कि 19 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे धोबीघाट निवासी आयुष राजपूत (21) अपने साथी प्रवीण ठाकुर और सोहेल खान के साथ ऑटो से जा रहा था। इसी दौरान धोबीघाट के पास घात लगाए बैठे शातिर बदमाश विशाल ठाकुर उर्फ पैंड़ा और उसके दो साथियों ने उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया। बदमाशों ने आयुष से खर्च के लिए 10,000 रुपये की अड़ी मांगी। जब आयुष ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर डंडों और लात-घूंसों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए प्रवीण और सोहेल को भी बेरहमी से पीटा गया। वारदात के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। कल रात पुलिस ज्योति नर्सरी के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी विशाल ठाकुर उर्फ पैंड़ा 25 वर्ष, निवासी इंदिरानगर शांतिनगर को दबोचा गया। जिसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में कुबूल किया कि उसने यह अवैध पिस्टल करीब दो महीने पहले तरुण पटेल नाम के युवक से 23 हजार रुपये में खरीदी थी। वारदात में शामिल उसके दूसरे साथी आयुष समुद्रे 24 वर्ष, निवासी इंदिरानगर धोबीघाट को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, मामले का तीसरा आरोपी ऋतिक उर्फ निंजा अभी फरार है।

पहले से दर्ज हैं 7 मामले- पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़ा गया मुख्य आरोपी विशाल ठाकुर उर्फ पैंड़ा रांझी क्षेत्र का आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट, अवैध वसूली, गंभीर मारपीट, चोरी और विस्फोटक अधिनियम के तहत 7 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।

एक नजर में

लाइनमैनों के पास सुरक्षा उपकरणों का अभाव

नवभारत,जबलपुर। करंट का काम करने वाले लाइनमैनों के पास सुरक्षा उपकरण का अभाव है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि लाइन कर्मियों के पास सुरक्षा उपकरण जैसी प्लास्क, बांस की सीढ़ी, हैंड ग्लब्स, झूला, पेचकस, टेस्टर, रबर, एंकर शू, टॉर्च आदि का अभाव होने से उपभोक्ताओं की बंद बिजली चालू करना, मेंटेनेंस आदि कार्य करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लाइन कर्मियों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों को अनेक बार जानकारी दी जा चुकी है कि सुरक्षा उपकरण न होने से कभी भी करंट लगने से दुर्घटना हो सकती है। लेकिन अभी तक सुरक्षा उपकरण अभी तक नहीं उपलब्ध कराये गये। लाइन कर्मियों का ये भी कहना है कि कुछ अधिकारी बांस की सीढ़ी मांगने पर कहते हैं कि तुम लोग अपने पैसे से खरीद लो। इसका प्रतिकार करने पर अधिकारी स्थानांतरण और नोटिस जारी करने की धमकी देते हैं। संघ के केएन लोखंडे, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, दशरथ शर्मा, मदन पटेल, राजकुमार धुर्वे आदि ने पूर्व क्षेत्र कंपनी के उच्च अधिकारियों से मांग की है।

23 की सुबह से 24 सितंबर की शाम तक जलापूर्ति रहेगी बाधित

नवभारत,जबलपुर। 23 सितम्बर को प्रात:कालीन से लेकर 24 सितम्बर सायंकालीन तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 55 एम.एल.डी. ललपुर जल शोधन संयंत्र से भरी जाने वाली हाथीताल उच्चस्तरीय टंकी के लीकेज हेतु ग्राउटिंग का कार्य किया जाना है। सुधार कार्य के चलते उक्त टंकी से दिनांक 23 सितम्बर 2026 को प्रात:कालीन से लेकर दिनांक 24 सितम्बर सायंकालीन तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

उत्तम सत्य धर्म की आराधना, मृगावती ने दिया बैर त्याग का संदेश

जबलपुर। दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन रविवार को श्री 1008 महावीर स्वामी दिगम्बर जिनमंदिर, धर्मायतन, गोल बाजार में श्रद्धालुओं ने उत्तम सत्य धर्म की आराधना करते हुए भगवान जिनेंद्र देव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। मुंबई से पधारे विद्वान पंडित विपिन शास्त्री के सानिध्य में प्रतिदिन प्रात:कालीन कार्यक्रमों के साथ सुबह 9 से 10 बजे तक शास्त्र स्वाध्याय कराया

जा रहा है। वहीं रात्रि 10 बजे 'मृगावती—बैर का विसर्जन' नाट्य प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को वैर, प्रतिशोध और मोह छोड़कर क्षमा, संयम और आत्मचिंतन का संदेश दिया। भावपूर्ण अभिनय और संवादों के माध्यम से बताया गया कि वास्तविक विजय किसी को हराने में नहीं, बल्कि मन के भीतर पल रहे वैर और विकारों का विसर्जन करने में है। महापर्व के आगामी आयोजनों में शुक्रवार 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर 12वें तीर्थंकर श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी जिनबिंबों का सामूहिक वार्षिक जलाभिषेक होगा। रविवार 27 सितंबर को पाटन रोड स्थित 'ज्ञानायतन' जिनमंदिर में क्षमावाणी पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें जबलपुर का मुमुक्षु परिवार परस्पर क्षमा मांगने और प्रदान करने के साथ मैत्री, सद्भाव एवं आत्मशुद्धि का संदेश देगा। सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में हो रहे हैं।

पेंशन कार्ड बनाने का झांसा देकर 3 .80 लाख की ठगी

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत जगदंबा कॉलोनी निवासी एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन कार्ड बनाने का झांसा देकर साइबर ठग ने 3.80 लाख रूपए की चपत लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिकसोमवार को विजय कुमार तिवारी 76 वर्ष निवासी जगदंबा कालोनी जानकी नगर थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कस्टम एण्ड सेन्ट्रल एक्साइज विभाग इंदौर से सेवानिवृत्त है, सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच मोबाइल में फेसबुक एवं यूट्यूब देख रहा था फेसबुक पर विज्ञापन दिखा जिसमें सीनियर सिटीजन पेंशनर कार्ड के विषय में बताया गया। कार्ड से होने वाले लाभ एवं मेडिकल शॉपिंग में होने वाले डिस्काउण्ट के विषय में जानकारी दी गई थी। एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल नंबर धारक ने स्वयं को यूनियन बैंक ऑफइंडिया के पेंशनर कार्ड यूनिट से होना बताते हुये उसे कॉल किया। आईसीआईसीआई बैंक पेंशनर कार्ड बनाने का झांसा दिया। इसी बीच उसका मोबाइल हैक कर खाते से कुल 3 लाख 80 हजार रुपये निकाल लिए गए।

इनके खातों से भी उड़ी रकम

कोतवाली थाना अंतर्गत चेरीताल निवासी निशा रैदास को साइबर ठग ने ग्रो इंडिया कम्पनी में जॉब देने के नाम पर 31 हजार रूपये की रकम हड़प ली । इसके अलावा अधारताल थाना अंतर्गत न्यू कंचनपुर निवासी सुजाता विश्वकर्मा के खाते से 35 हजार 249 रूपये साइबर ठग ने उड़ा लिए।

गुमे एटीएम कार्ड से निकले हजारों

गढ़ा थाना अंतर्गत गुजराती कॉलोनी निवासी अभिषेक तिवारी का गत दिवस पर्स गिर गया था जिसमें2 एटीएम, आधारकार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, वोटरआईडी, रखे हुये थे। अज्ञात व्यक्ति ने उसके दस्तावेज एवं एटीएम कार्ड उठा लिये और एटीएम कार्ड से चोरी कर कुल 18 हजार 800 रूपये निकाल लिये हैं।

एमबीबीएस छात्र को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश

हाईकोर्ट का राहतकारी आदेश

जबलपुर। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने महावीर मेडिकल कालेज, भोपाल के एमबीबीएस छात्र को थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल करने का अंतरिम आदेश दिया है। छात्र की परीक्षा एक अक्टूबर 2026 से शुरू होनी है। कोर्ट ने राज्य शासन, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन और संबंधित मेडिकल कालेज को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। याचिका ग्वालियर निवासी छात्र विश्वास बाजपेयी की ओर से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि छात्र का प्रवेश मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत हुआ था। योजना के तहत राज्य सरकार ने प्रथम वर्ष की 8.33 लाख रुपये फीस जमा की थी। छात्र प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण हो गया था। योजना के प्रावधान के अनुसार परीक्षा में असफल होने पर विद्यार्थी योजना से बाहर हो जाता है। अधिवक्ता ने बताया कि छात्र ने बाद में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली और अब थर्ड सेमेस्टर में पहुंच चुका है। योजना से बाहर होने के कारण उसकी फीस जमा नहीं हुई और इसी वजह से कालेज ने उसे आगामी परीक्षा में शामिल किए जाने को लेकर रोक लगा दी थी।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनाटॉमी विभाग में घुसा सात फीट लंबा सांप, मचा हड़कंप

जबलपुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनाटामी विभाग में सात फीट लंबा सांप घुसने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार गढ़ा थानांतर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एनाटामी विभाग में सुबह दस बजे जब छात्र पढ़ाई कर रहे थे, तभी एक छात्र की नजर कक्षा में प्रवेश कर रहे सात फीट लंबे सांप पर पड़ी तो उसने प्रोफेसर डाक्टर सुनील अग्रवाल को सूचना दी,जिन्होंने तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को फोन किया। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

अवैध वसूली जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण करेगी पूर्णत : समर्थन, टोल नाके में चल रही अवैध वसूली से उपजा आक्रोश

आज से शुरू होगा किसान-व्यापारियों का धरना प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। सिवनी टोला टोल नाके के खिलाफ किसान-व्यापारियों का धरना 22 सितंबर दोपहर 12 बजे से टोल नाके के पास शुरू होगा जिसमें कांग्रेस पूरी तरह से समर्थन करेगी। ये जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव ने आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान दी और कहा कि जब तक सिवनी टोला के टोल नाके से वसूली बंद नहीं होती और इसे कहीं और नहीं शिफ्ट किया जाता तब तक व्यापारियों, किसानों, लोडिंग वाहन चालकों के साथ मिलकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। प्रेसवार्ता में संजय यादव ने टोल वसूली की वैधानिकता और टोल नाके के स्थान पर सवाल उठाते हुए इसे तत्काल हटाने की मांग भी की।

एमपीआरडीसी कर रही अवैध वसूली

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव ने इस दौरान कहा कि संबंधित 6 किलोमीटर मार्ग को लेकर एमपीआरडीसी को पिछले छह माह से लगातार पत्राचार किया गया है। पूर्व में विभाग द्वारा इस स्थान पर टोल नाका नहीं लगाने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक भोपाल से आवश्यक मार्गदर्शन नहीं लिया गया। इसके बावजूद टोल वसूली जारी है। स्थानीय किसानों और छोटे व्यापारियों से कम दूरी के आवागमन पर भी 150 रुपए तक और एक चक्कर में 900 रुपए तक वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे किसानों और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पत्रकार वार्ता में लक्ष्मीकांत शुक्ला, अंशु ठाकुर, गोविंद कुशवाहा, सौरभ पांडे, राम कुमार संयम, विवेक यादव, हर्षवर्धन पटेल सहित स्थानीय व्यापारी ,किसान मौजूद रहे।

अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही कातिल गिरफ्तार

बाबाटोला में हुई सूरज चौधरी की हत्या का मामला

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत बाबाटोला में रविवार दोपहर दिनदहाड़े चाकू मारकर हुई सूरज चौधरी की हत्या मामले में पुलिस ने अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही कातिल को दबोच लिया । इसके बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा एक अन्य को भी हिरासत में लिया है जिसे हत्या के आरोपी पर दोस्त का बदला लेने हमला किया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिव मंदिर के पास बाबाटोला निवासी सनी चौधरी (26) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। घर में वह और उसका छोटा भाई सूरज चौधरी (22) रहते थे। सूरज प्रहलाद टेंट हाउस में काम करता था। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे सनी अपने घर पर था, तभी

पड़ोस में रहने वाले रवि चौधरी ने दौड़ते हुए आकर बताया कि मोहल्ले के ही भइयो उर्फ भूरा चौधरी ने सूरज पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। सूरज शंकर किराना दुकान के पास सड़क किनारे नाली की पट्टी पर खून से लथपथ पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सनी अपने चाचा बबली चौधरी के साथ पहुंचा वहाँ सड़क किनारे नाली के पास सूरज तड़प रहा था और उसके सीने से लगातार खून बह रहा था। सनी और उसके चाचा सूरज को एक ई-रिक्शा में लादा और इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल भागे थे। रास्ते में जब सूरज को कुछ पलों के लिए होश आया, तो उसने तड़पते हुए अपने भाई को बताया कि भूरा ने उसे चाकू मारा है। इसके बाद सूरज अचेत हो गया और अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। चाकूबाजी के दौरान भूरा चौधरी भी हुआ था जिसे भी उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। टीआई सुभाष सिंह बघेल ने बताया कि मामले की जांच में यह बात सामने आई कि शराबखोरी के दौरान साथ में बैठे युवकों के बीच में विवाद हुआ इसके बाद भूरा ने सूरज पर हमला किया। सूरज पर हमला होता देख उसके दोस्त राजा चौधरी ने भूरा पर चाकू से वार किए थे। डिस्चार्ज होने पर भूरा को हिरासत में ले लिया गया है। जबकि राजा को भी दबोच लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है हालांकि मुख्य आरोपित गुमराह कर रहा है जिसके कारण अब तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है । फिलहाल दोनों से पुलिस पूछताछ कर पता लगाने में जुट गई है कि आखिर वारदात किन कारणों से हुई।